हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025



# देवउठनी को लेकर संशय: एक के सूर्योदय को दशमी, दो को एकादशी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

दिवाली के बाद अब देवउठनी एकादशी को लेकर भी संशय की स्थिति निर्मित हो गई है। एक नवंबर की सुबह सूर्योदय के समय दशमी तिथि है। जिसके चलते उस दिन एकादशी मान्य नहीं होने की बात कुछ पंडित कह रहे हैं। जबकि कई स्थानीय पंडित एक को ही तुलसी विवाह और देवउठनी बता रहे हैं। ऐसे में लोगों के मन में एक और त्योहार को लेकर भ्रम की स्थिति निर्मित हो गई है।

प्रदेश की राजधानी रायपुर के कुछ मंदिरों में देवउठनी 2 नवंबर को ही मनाई जा रही है। इसके पीछे वहां के पंडितों का तर्क है कि एकादशी तिथि एक नवंबर को प्रातः 9 बजे प्रारंभ हो जाएगी, लेकिन इस दिन सूर्योदय के समय दशमी तिथि व्याप्त रहेगी। देवउठनी एकादशी में सूर्योदय के समय व्याप्त तिथि ही मान्य होती है। इसके अलावा एकादशी व्रत के उस दिन किए जाने की मान्यता है। जिसमें एकादश और द्वादश तिथि का मिलन हो रहा हो। यह स्थिति 2 नवंबर को निर्मित हो रही है।

स्थानीय पंडित कालू महाराज ने बताया कि एक नवंबर को ही देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। वहीं दुर्ग एवं रायपुर के पंडित सूर्योदय पर जोर देते हुए यह कह रहे कि दो नवंबर को सूर्योदय के समय एकादशी होने के चलते दो को ही देवउठनी एकादशी मानी जाए। इन दो भ्रम के चलते आम लोग संशय में आ गए हैं।

## एक नवंबर की सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर हो रही है एकादशी तिथि की शुरुआत

### सुबह शुरू होगी देवउठनी

पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की तिथि की शुरूआत 1 नवंबर को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर हो रही है। वहीं इस तिथि का समापन 2 नवंबर को सुबह 7 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में देवउठनी एकादशी व्रत 2 नवंबर को किया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस व्रत को करने से साधक को सभी पापों से छुटकारा मिलता है। साथ ही जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।



### देव दिवाली पर भी शुभ संयोग

देवउठनी के अलावा देव दिवाली पर भी शुभ संयोग निर्मित हो रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा तिथि 4 नवंबर की देर रात 10 बजकर 36 मिनट से आरंभ होकर 5 नवंबर की शाम 6 बजकर 48 मिनट तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार पर्व का मुख्य उत्सव 5 नवंबर को ही मनाया जाएगा। इस दिन गंगा आरती और दीपदान का शुभ समय संध्याकाल 5 बजकर 15 मिनट से 7 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। देव दीपावली के दिन भद्रावास योग का दुर्लभ और शुभ संयोग भी बन रहा है। यह योग सुबह 8 बजकर 44 मिनट तक रहेगा।

## पंजीयन कराने सिर्फ कल ही मोहलत, किसानों की बढ़ी चिंता

# एग्रीस्टेक पोर्टल में नौ हजार किसानों का पंजीयन शेष, खरीदी से होंगे वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान की सरकारी खरीदी को लेकर इस बार प्रदेश सरकार ने किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन होना अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में पिछले तीन महीने से लगातार किसानों का पंजीयन इस पोर्टल में किया जा रहा है। अब तक सवा लाख से अधिक किसान का पंजीयन हो भी गया है, परन्तु अब भी ऐसे करीबन 9 हजार किसान शेष रह गए हैं, जिन्होंने अपना पंजीयन नहीं कराया है। ऐसे में आज यदि यह किसान अपना पंजीयन नहीं कराते हैं तो धान खरीदी की प्रक्रिया से वंचित हो सकते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार भुईया साफ्टवेयर में किसानों के जमीन का रिकार्ड दुरूस्त नहीं होने और जमीन के पट्टे में आधार लिंक नहीं करने जैसी समास्या पंजीयन में दिक्कतें कर रही है। ऐसे में जिले के किसान जो पिछले साल धान बेच चुके हैं, लेकिन इस बार नवाचारी और राजस्व महकमे की लापरवाही के कारण पंजीयन नहीं करा पाए हैं। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में अब तक 123905 किसानों का पंजीयन कर लिया गया है। जबकि 9 हजार किसानों का पंजीयन ही नहीं हो सका है।



### पिछले साल के किसान बाकी

कई किसान जो पिछले साल धान बेच चुके हैं, उनका भुईंया साफ्टवेयर में पंजीयन नहीं हो पाया है। इसके अलावा जमीन से कई किसानों का आधार सीडिंग नहीं हो पाया। इन तमाम परेशानी के चलते 9 हजार किसान जिले में वंचित हो गए है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल एकीकृत पोर्टल में सभी उपज का पंजीयन अनिवार्य किया गया था। वहीं पहली बार इस साल एग्रीस्टेक पोर्टल लांच किया गया है। जिसमें नए व पुराने सभी किसानों को पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। डीडीए टीकम ठाकुर ने बताया कि सभी किसानों का पंजीयन कार्य जारी है।

### वर्ष 2024 के बाद की रजिस्ट्री में परेशानी

पोर्टल में पंजीयन को लेकर सामने आ रही समस्या में एक बड़ा कारण वर्ष 2024 के बाद रजिस्ट्री वाले प्रकरण शामिल है। बताया गया कि इनमें वन पट्टा और खाता विभाजन से संबंधित प्रकरण में दिक्कतें आ रही है। एग्रीस्टेक पोर्टल में ऐसे प्रकरण भी सामने आए हैं, जिनका भुईंया साफ्टवेयर में नाम नहीं जुड़ा है। वहीं पटवारियों ने कई प्रकरणों में रजिस्ट्री होने के बाद भी भुईंया ऑनलाइन साफ्टवेयर में नाम नहीं चढ़ाया है। ऐसे में जमीन मालिक रजिस्ट्री के पहले वाला दिख रहा है। जिसके चलते भी परेशानी हो रही है।

**भुईया से किसानों का नाम गायब** : जिले के कुछ इलाकों में किसानों के नाम गायब होने की भी शिकायत सामने आ रही है। बताया गया कि राजनांदगांव जिले के नवागांव और एलबी नगर के किसी भी किसान का नाम भुईयां साफ्टवेयर भी दिखाई नहीं दे रहा है। विभाग ने इसकी जानकारी रायपुर एनआईसी में भी दे दी है। जानकारी अनुसार कुमरदा तहसील में 15253 किसान पंजीकृत है। वहीं 1019 वंचित है। घुमका में 11780 पंजीकृत, छुरिया में 19025 पंजीकृत, डोंगरगढ़ में 16023 पंजीकृत, डोंगरगांव में 20535 पंजीकृत, राजनांदगांव में 25099 और एलबी नगर में 16190 किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि इन सभी में दस हजार पंजीयन से वंचित हैं।

### अंगूठे की परेशानी से बुजुर्ग परेशान

किसानों ने बताया कि एग्रीस्टेक पंजीयन में जमीन की ऋण पुस्तिका में आधार लिंक नहीं होने के कारण समस्या आ रही है। इसके अलावा आधार कार्ड में भी मोबाइल नंबर लिंक करना जरूरी है। जिसके बाद ही एग्रीस्टेक में पंजीयन कराने के दौरान ओटीपी आएगा, लेकिन अगर ओटीपी नहीं आ रहा है तो ऐसी स्थिति में थंब इंप्रेशन लिया जा रहा है। इसमें सबसे ज्यादा बुजुर्ग वर्ग परेशान हैं, क्योंकि उनकी अंगुली की बायोग्राफी बदल गई है। जिसके चलते मशीन प्रिंट नहीं ले रहा है। इन तमाम परेशानी के चलते पंजीयन नहीं हो पा रहा है।

# अतिक्रमण के नाम पर प्रताड़ना दो परिवार ने मांगी इच्छा मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका तहसील क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में रहने वाले दो परिवार के लोगों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से अपने लिए इच्छा मृत्यु की मांग की है। इस परिवार के लोगों का आरोप है कि स्थानीय सरपंच और अन्य द्वारा अतिक्रमण के नाम पर उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके मकान तोड़ने को लेकर प्रस्ताव किया गया है। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गए हैं और इस मामले में उन्हें गांव से भी बहिष्कृत किया गया है, जिस पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में वह इच्छा मृत्यु की मांग कर रहे हैं।

ग्राम बरबसपुर निवासी चंद्रेश वर्मा और प्रेमू वर्मा आज अपने परिवार के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर के नाम इच्छा मृत्यु को लेकर ज्ञापन देते हुए सरपंच, उप सरपंच और पंचगणों के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगाया। पीड़ित चंद्रेश वर्मा ने कहा कि बरबसपुर की सरपंच शशिकला बंजारे, उपसरपंच बैनलाल वर्मा, पंच पुराणलाल वर्मा, संदीप वर्मा, सोहन साहू एवं राजाराम वर्मा द्वारा मुझे व प्रेमू वर्मा के परिवार को पंचायत चुनाव के पश्चात हम लोगों को पंचायत चुनाव में वोट व सहयोग नहीं दिए हो कहकर अतिक्रमण के नाम पर बीते फरवरी से लेकर आज तक मानसिक रूप से लगातार परेशान किया जा रहा है। गांव में लगभग 90 प्रतिशत लोगों के मकान अतिक्रमण में शासकीय भूमि पर बने हुए हैं। सरपंच-उपसरपंच और पंच के मकान भी अतिक्रमण में है, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार के पास 30-40 साल से लगभग 80 डिसमिल जमीन है। जिसमें पहले कच्चा मकान बना हुआ था और अब पांच डिसमिल में पक्का मकान बनाया गया है, जिसे अतिक्रमण बताकर तोड़ने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया है।



### न्यायालय में मामला

*इस पूरे मामले में अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे का कहना है कि बहिष्कार के मामले को लेकर शिकायत की गई है। इस संबंध में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को भेजकर गांव में समझाइश देकर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जमीन संबंधित मामला अतिक्रमण का है, जो न्यायालय में चल रहा है।*

### 4 माह से किया गया बहिष्कृत

पीड़ित प्रेमू वर्मा ने कहा कि उनके परिवार को लगभग चार माह से गांव से बहिष्कृत कर दिया गया है। जिसकी शिकायत पहले भी थाना, एसपी और कलेक्टर से की जा चुकी है, लेकिन इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसकी वजह से उनका परिवार मानसिक रूप से परेशान और प्रताड़ित है। वहीं अब उनके घर को तोड़ने के लिए दबाब बनाय जा रहा है।

### लगातार प्रताड़ना से परेशान

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे पीड़ित परिवार के लोगों ने कहा कि लगातार प्रताड़ना से वह परेशान हो चुके हैं। इसकी वजह से इच्छा मृत्यु की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब गांव में और लोगों का अतिक्रमण है तो उसे क्यों नहीं तोड़ा जा रहा है। अगर अतिक्रमण तोड़ना है तो सभी का तोड़े अन्यथा किसी पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो । इस तरह से भेदभाव से उनका परिवार काफी दुखी है।

# लापता नाबालिग को खोजकर पुलिस ने परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर से लापता नाबालिक लड़की की पता तलाश कर पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया है। जिससे परिवार में हर्ष व्याप्त है।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया द्वारा 26 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिक लडकी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा माता-पिता के विधिपूर्ण संरक्षण से बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में गुम इंसान एवं अपराध धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। अपहता के ग्राम खपरी मालीगोरी जिला बालोद में होने की सूचना प्राप्त होने उपरांत थाना प्रभारी एमन साहू ने अपहता की पतासाजी के संबंध में टीम गठित कर जिला बालोद रवाना किया। पुलिस टीम द्वारा अपहता को बालोद से बरामद कर बालिका को उनके परिजनो को सुपुर्द किया।

### सात को पुलिस ने खोजा

**राजनांदगांव।** गैंदाटोला क्षेत्र से गुमशुदा हुए 7 लोगों की पतासाजी कर पुलिस ने खोजा, जिन्हें उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। जिससे परिजनों में खुशी की लहर व्याप्त है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अक्टूबर माह में गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमशदा की पता तलाश के मामलों को गंभीरता से लेते हुए एक अभियान " गुमशुदा पता तलाश पखवाड़ा " चलाकर थाना गैंदाटोला में पुलिस की टीम गठित कर थाना में दर्ज गुमशुदा को अन्यत्र स्थान हैदराबाद, नागपुर व छत्तीसगढ़ से पता तलाश कर 7 गुमशुदा को थाना लाकर परिजनों को सूचना देकर दस्तयाब शुमार किया गया है एवं सुपुर्दनामा पर गुमशुदा के परिजनों को सौंपा गया है। जिससे परिजनों के चेहरों में खुशी की लहर देखी गई। उक्त कार्रवाई में विशेष योगदान निरीक्षक कौशलेश देवांगन, सहायक उपनिरीक्षक मेघनाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक मानव सोनकर, मुरारीलाल पटेल, आरक्षक राकेश कुमार साहू, टीकाराम ध्रुव का रहा है।

# कार्रवाई: दुर्ग का खाईवाल पौने बारह लाख की सट्टा-पट्टी के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के पदभार ग्रहण के पहले शराब की अवैध बिक्री और जुआ-सट्टा में संलिप्त लोग कामकाज बंद करके दुबक गए हैं। इसका फायदा पड़ोसी जिला दुर्ग के खाईवाल उठाने लगे हैं। जिले के पुराने सटोरिये वहां के खाईवालों को पट्टी दे रहे हैं। भनक लगते ही पुलिस सक्रिय हुई और गुरुवार को सट्टा-पट्टी, नगदी और कार समेत कुल 12.74 लाख रुपए की संपत्ति के साथ शहर के पुराने सटोरिये जिला सहकारी बैंक के पीछे बल्देवबाग निवासी अनुप यादव उर्फ मुंडु पिता राजेश यादव (29) को गिरफ्तार किया गया। पुराने रिकार्ड को देखते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

आईपीएस अंकिता शर्मा के यहां पदस्थापना आदेश जारी होते ही सटोरियों ने काम समेट लिया था। नई एसपी ने तीन दिन पहले ही प्रभार लिया है। उसके तुरंत बाद उन्होंने सभी प्रमुख पुलिस अधिकारियों की बैठक में दो टूक कहा था कि जुआ-सट्टा और शराब के साथ नशे के कारोबार पूरी तरह बंद होना चाहिए। इसके बाद भी कुछ सटोरिये सक्रिय होकर दुर्ग में पट्टी भेज रहे थे। सूचना पर गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। कोतवाली थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में अभियान के दौरान अनुप यादव को अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से कार (सीजी 08-एयू-1672) के अंदर बैठकर मोबाइल के माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा गया। पोस्ट आफिस चौक पर फ्लाई ओवर के नीचे से उसे दबोचा गया। आरोपित के कब्जे से कार, चार हजार रुपए, व्हाटसअप पर सट्टा की आठ पर्ची, 70 हजार के दो मोबाइल फोन समेत 12.74 लाख रुपए की जब्ती की गई।

### पुराना सटोरिया है आरोपित

थाना प्रभारी गौतम ने बताया कि आरोपित अनुप यादव का पूर्व रिकार्ड निकाला गया, तब पाया कि उसके विरूद्ध पूर्व में भी सट्टा के तीन प्रकरण दर्ज हैं। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा छह के तहत अपराध दर्ज किया गया। अजमानतीय प्रकरण में अपराध दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक गौतम के साथ ही सहायक उप निरीक्षक इस्राफिल खान, प्रधान आरक्षक संदीप और सिरिल की भूमिका रही।

# छेड़छाड़, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक थाना चिल्हाटी क्षेत्र के पीड़िता ने 27 अक्टूबर को लिखित आवेदन पेश की कि 19 अक्टूबर को अपने घर में अकेली थी। उसी समय करीबन दोपहर 3 बजे आरोपी दीपक चंद्रवंशी आया और पीड़िता के कमरे में जबरदस्ती घुसकर प्रार्थिया के साथ छेड़खानी करने लगा। उसी बीच दीपक चंद्रवंशी का मोबाइल में उसके दोस्त दीपक सहारे का फोन आया कि पीड़िता का परिवार वाले आ रहे हैं, तब पीड़िता को छोड़कर आरोपी दीपक चंद्रवंशी उर्फ दुधकौरे 23 साल भाग गया। रिपोर्ट पर थाना चिल्हाटी में धारा-331(3), 75(2),78 (1), 3 (5) बीएनएस, 7 पॉक्सो एक्ट अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।



### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार आरोपियों का पता तलाश के दौरान मुखबीर के सूचना के आधार पर आरोपी दीपक चंद्रवंशी दुधकौरे 23 साल व दीपक सहारे 21 साल को तलब कर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर 29 अक्टूबर को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया गया है।

### बैठक 14 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 14 नवंबर को सुबह 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### माय एंगल




## दिन का तापमान चार डिग्री नीचे लुढ़ककर 26 डिग्री पर जा पहुंचा

# मोन्था तूफान का असर समाप्त, लेकिन बारिश की गतिविधियों में कमी आने में लगेगा समय!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



चक्रवात मोन्था का असर कमजोर पड़ गया है। तूफान पश्चिम की ओर आगे बढ़ गया है। ऐसे में हवाओं की रफ्तार तो कम हो जाएगी, परन्तु बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना कम है। अगले 72 घंटे हल्की बारिश देखने को मिलने के आसार जताए गए हैं। हालांकि ठंडी हवाओं के आगमन की वजह से तापमान में गिरावट भी संभावित है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार चक्रवात मोंथा का अवशेष चिन्हित निम्न दाब के रूप में पूर्वी विदर्भ और उससे लगे दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है तथा यह उत्तर-उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ तो ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। आगे यह उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए पूर्वी मध्यप्रदेश और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर गमन करते हुए निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में अगले 24 घंटे में परिवर्तित होने की संभावना है। प्रदेश में कल 31 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होना अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा वज्रपात होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। 1 नवंबर को वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ केंद्रित रहने की संभावना है।

### दिनभर बदली-बारिश फसल प्रभावित

पिछले तीन दिनों से अंचल में तूफान के असर से बारिश देखने को मिल रही है। इसका सीधा असर खेतों में खड़ी फसल पर दिखाई दे रहा है। किसानों के अनुसार दिवाली बाद से कटाई का दौर शुरू हो गया है, लेकिन बारिश को देखते हुए कटाई अभी रूकी हुई है। वहीं बारिश के चलते कई खेतों में फसल गिर गई है। जिससे सीधा नुकसान देखने को मिल रहा है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • बुखार • पेट रोग
• शुगर • खांसी • किडनी
• थायराइड • छाती रोग • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### रंगोली स्पर्धा में तानिया, डाली प्रथम



**खडगांव**। विद्या श्री विजडम स्कूल खड़गांव में गत दिनों रंगोली प्रतियोगिता और दीपक सज्जा का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में तानिया सोनकर और डाली घावड़े प्रथम, दीपिका टेकाम और निधि भुआर्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में हिमांशी कोड़ोपी और चंचल टेकाम ने प्रथम, चारवी देवांगन और शिवांगी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार दीपक सज्जा में वर्तिका मंडले ने बहुत ही सुंदर सजावट किया।

### सिंगिंग कांटेस्ट में कामिनी विनर

**डोंगरगांव**। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में



विगत दिनों सिंगिंग कांटेस्ट का आयोजन हुआ । सिंगिंग कांटेस्ट में कक्षा षष्ठ से द्वादश तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पुरस्कार वितरण पत्रकार संघ के घनश्याम साव ने किया। प्रतियोगिता में हाई हायर वर्ग से कामिनी देवांगन प्रथम, कशिश देवांगन द्वितीय, मिडिल से दिव्यांका मिश्रा,आयुषी चौरे ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य जितेंद्र वैष्णव, हदयराम पटेल, प्रेमचंद साहू, डिम्पल चौरे, युगलकिशोर ठाकुर, सोहन यदु आदि उपस्थित थे।

### मंत्री को गांव आने का दिया निमंत्रण

**पटेवा**। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से 29 अक्टूबर को ग्राम



पंचायत सलोनी के सरपंच सौरभ साहू, उपसरपंच पुरानिक वर्मा, सतनामी समाज के दशरथ बघेल, भैयालाल चंदेल, सूरज जांगड़े, जयलाल बघेल, श्यामरतन बारले ,भागवत चंदेल, रुपकुमार, रेवा जांगड़े ने मुलाकात कर दिसंबर में केकराजबोड़ में आयोजित होने वाले गुरुघांसीदास जयंती समारोह शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान फोटोफ्रेम एवं श्रीफल भेंट किया गया।

### श्याम खाटू की शोभायात्रा दो को



**पटेवा**। ग्राम पटेवा में आगामी 2 नवंबर को श्री श्याम खाटू श्याम की शोभा निशान यात्रा का आयोजन मां कर्मा मंदिर प्रांगण में किया गया है। कार्यक्रम के तहत दोपहर एक बजे से श्याम जी की पूजा अर्चना, 3 बजे शोभायात्रा एवं शाम 7 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस दौरान करण द्विवेदी भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजक तरुण दुबे, राजा दुबे ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### भगिनी निवेदिता की मनाई गई जयंती

**डोंगरगढ़**। राष्ट्र सेविका समिति ने कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में भगिनी निवेदिता जयंती मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलजीत कौर भाटिया ने की। मुख्य अतिथि अहिल्या उजवने थी। वक्ता के रूप में वैशाली देशकर शामिल हुई। अतिथियों ने भारत माता एवं भगिनी निवेदिता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करते हुए शुभारंभ किया। अनुराधा शर्मा ने छात्राओं को भारतीय संस्कृति एवं इतिहास से संबंधित वाले पूछा जिसका जवाब देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतिभा वर्मा एवं तानी सिंह ने सांघिक गीत प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता श्रीमती देशकर ने भगिनी निवेदिता के बारे में बताया कि वह आयरिश महिला थी जो स्वामी विवेकानंद की शिष्या के रूप में भारत आईं और उन्होंने स्वदेशी विचारधारा एवं स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। बबिता साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बंदिया टांक ने संचालन किया।

### जंगलों से हो रही अवैध कटाई

**डोंगरगढ़**। मुढ़ीपार के जंगलो से अवैध उत्खनन और कटाई थमने का नहीं ले रही है। करेला, भंडारपुर, बांसबोड और घोठिया से लगे क्षेत्रसे बड़े पैमाने पर लकड़ियों की अवैध कटाई और मुरूम का खनन किया जा रहा है। इस मामले की जानकारी खैरागढ वन मंडल अधिकारियों को भी है। उप वन मंडल के अधिकारियों तक भी शिकायतें पहुंची है किंतु कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। इसी प्रकार ढारा से लगे घोठिया क्षेत्र से भी अवैध कटाई होने की जानकारी मिली है।

---

### किसानों के सामने कर्ज चुकाने का संकट, क्षतिपूर्ति की मांग

# बारिश ने बरपाया कहर, खेतों में लबालब पानी, धान की कटाई बाधित

**मोंथा ने किसानों को डाला संकट में**

**पहले भी बारिश से हो चुका बड़ा नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अंचल में इन दिनों हो रही बारिश ने हरूना धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। लगातार हो रही बारिश से पककर तैयार हो चुकी धान की फसल भीग कर बर्बाद हो रही है। इससे पहले बारिश सोयाबीन की फसल को तबाह कर चुकी है। अब धान कटाई के समय लगातार बारिश होने से धान की फसल को नुकसान पहुंच रहा है। तेज हवा और बारिश के चलते फसल गिर गई है जिसके सड़ने की आशंका है।

जानकारी के अनुसार दिवाली के बाद धान कटाई का श्रीगणेश हुआ था इसी बीच बेमौसम बारिश शुरू हो गई, जो निरंतर जारी है। फसल कटाई के पहले हो रही बारिश के बाद खेतों में बर्बादी का मंजर देखा जा सकता है। लगातार बारिश होने से खेतों में पानी भर गया है और फसल गिर कर डूब गई है। धान की गुणवत्ता खराब होने की आशंका है।

लगातार बारिश होने से किसान खेतों से पानी की निकासी नहीं कर पा रहें हैं। यही स्थिति सब्जियों की भी है। सब्जियां भी खराब हो रही है। पौधा गलने लगे हैं।



**काम नहीं मिला मजदूरों को**

लगातार बारिश से एक तरफ कृषक परेशान हैं वही दूसरी ओर मजदूर भी बेरोजगारी का सामना कर रहे है। मौसम साफ होने पर धान की कटाई मिंजाई में मजदूर व्यस्त रहते पर लगातार बारिश से कृषि कार्यों में ब्रेक लग गया है। लगभग सप्ताह भर से मौसम खराब होने के कारण मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। सोयाबीन के बाद हरूना धान की फसल बर्बाद होने की स्थिति में पहुंच गया है। क्षेत्र के किसानों ने फसल का सर्वे तथा क्षतिपूर्ति देने की मांग किया है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल फसल की स्थिति एवं किसानों से बात कर विभागीय सर्वे एवं आर्थिक राहत दिलाने का आश्वासन दिया है।

### बारिश से कच्चा मकान गिरा, परिवार हुआ बेघर



**सड़क अतरिया**। पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश ने ग्राम पंचायत चकनार के एक गरीब परिवार के आफत साबित हुई है। उसका कच्चा मकान गिर गया है। ग्राम के लखन लोधी, विजय लोधी का मकान बुधवार- गुरूवार को लगातार बारिश होने के बाद धराशायी हो गया। घटना के बाद पूरा परिवार पड़ोसी के घर में शरण लिए हुआ है।घटना की जानकारी मिलने के बाद पंच युराज यादव एवं भैरव साहू ने मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि मकान की दीवारें और छत ढह चुकी है, जिससे परिवार के सामने आवास की समस्या खड़ी हो गई है।

**आवास निर्माण प्रस्तावित**

जानकारी के अनुसार लखन लोधी का नाम प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हो चुका है, किंतु अब तक निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने प्रभावित परिवार को तत्काल राहत राशि प्रदान करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण शीघ्र आरंभ कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार पखवाड़े भर पहले उक्त ग्रामीण का एक मकान बारिश से गिर चुका है। अब दूसरा मकान भी गिर गया। मकान गिरने से जन हानि तो नहीं हुई किन्तु आर्थिक क्षति जरूर हुई है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने ग्रामीणों से मुलाकात कर आश्वासन दिया है कि उक्त परिवार को सरकार की योजना के तहत आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

### किसानों को क्षतिपूर्ति राशि दे सरकार

**डोंगरगढ़**। मौसम की मार से किसानों को होने वाले नुकसान को देखते हुए ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने प्रदेश सरकार से किसानों को तत्काल क्षतिपूर्ति के रुप में एक- एक लाख देने की मांग की है। श्री सिन्हा ने विज्ञप्ति में बताया कि धान बोवाई के समय अतिवृष्टि और बिजली की समस्या, वर्तमान में बारिश होने से किसान को काफी नुकसान हुआ है। इन दिनों धान की कटाई नहीं होने से किसान चिंतित है। उन्होंने सभी किसानों को क्षतिपूर्ति के रूप में एक से 2 लाख देने की मांग की है। चक्रवाती तूफान मोथा के प्रभाव से कई हिस्सों में लगातार वर्षा होने के कारण खेत जलमग्न हो गए हैं। जिले में धान की फसलें काफी प्रभावित हुई है। खेतों में पानी भरने से फसलें सड़ने लगी हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने प्राकृतिक आपदा को किसानों के लिए दुखद बताते हुए सरकार फसलों का सर्वेक्षण कराने, प्रभावित किसानों को मुआवजा देने, फसल बीमा योजना के तहत क्षतिपूर्ति दिलाने की प्रक्रिया आरंभ करने की मांग की है।

### बारिश ने बढ़ाया किसानों की दिक्कत

**खड़गांव**। क्षेत्र में लगातार बारिश होने से किसानों की परेशानी बढ़ते जा रही है। खेतों में धान की फसल पककर तैयार है किन्तु किसान कटाई नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में पानी भरने और फसल के गिरने से सड़ने की आशंका भी बढ़ते जा रही है।

किसान रतन गावड़े ने बताया कि खेतों में फसल तैयार है और फसल कटाई के समय में लगातार बारिश होने से नुकसान हो रहा है। उन्होंने पचास हजार खर्चकर फसल लगाया था लेकिन बेमौसम बारिश के कारण फसल खराब होने के कगार पर पहुंच गई है। शासन ने मुआवजा नहीं दिया तो आगामी समय पर बहुत ज्यादा स्थिति खराब हो जाएगी। किसान लीला सूर्यवंशी ने बताया कि वर्तमान बारिश के कारण फसल नहीं काट पा रहे हैं। बारिश के कारण कीड़े लग रहे हैं। अन्य किसानों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण फसल के ख़राब होने की आशंका बनी है। बेमौसम बारिश के चलते किसानों के साथ व्यापारियों की स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। आलम यह है कि दुकान के कर्मचारियों की रोजी निकलना मुश्किल हो गया है।

### सोयाबीन के बाद धान की फसल भी बर्बाद

**छुईखदान**। अतिवृष्टि से सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई थी जिससे किसान अभी उबर नहीं पाए थे कि अब दो दिनों से हो रही बारिश ने किसानों की नींद हराम कर दिया है। खेतों में पानी भरने से धान फसल के सड़ने की आशंका बढ़ गई है जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होता दिख रहा है। उल्लेखनीय है कि दिवाली के पूर्व हुई वर्षा ने सोयाबीन फसल को काफी नुकसान पहुंचाया था। अब धान की फसल के खराब होने की आशंका को देखते हुए किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं। पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने संकट को देखते हुए प्रदेश सरकार से किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सोयाबीन के बाद धान फसल बर्बाद होने से किसानों की कमर टूट गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव से तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है।







**किसानों को मुआवजा दे सरकार**

उल्लेखनीय है कि जिले में मुख्यतः धान की खेती होती है। बहुसंख्यक लोग कृषि पर निर्भर हैं। वर्तमान में हो रही बेमौसम बरसात से फसल को भारी नुकसान हुआ है। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को बारिश से बड़ा नुकसान हुआ है।किसानों को जल्द राहत नहीं दी गई तो वह कर्ज में दब जाएंगे। उन्होंने फसल का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है। पैलिमेटा के किसान कैलाश शर्मा ने बताया कि धान को फसल पानी से बर्बाद हो गई है। समय रहते मुआवजा नहीं दिया गया तो किसान बर्बाद हो जाएंगे।

---

### शिक्षिका ने कराया न्योता भोज

**जेवरतला रोड**। प्राथमिक शाला मुजगहन में पदस्थ शिक्षिका ललिता साहू ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को सेवई, पुरी खिलाया। इस अवसर पर प्रधान पाठक मिथलेश साहू, चन्दूलाल सोनकर, शिक्षक हेमकुमार भूआर्य, देवेश साहू, प्रमोद साहू, नूतन यादव आदि उपस्थित थे।



### जालबांधा कॉलेज में नशा मुक्ति कार्यक्रम

**जालबांधा**। स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में नशा मुक्ति आंदोलन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता श्री हेमंत व्यास थे। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना और नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष देवांगन ने कहा कि यह आंदोलन समाज को जागरूक करने का कार्य कर रहा है कि नशा कोई समाधान नहीं बल्कि विनाश का मार्ग है। नशा मुक्ति आंदोलन के प्रतिनिधि श्री व्यास ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को कमजोर करता है। नशा परिवार और समाज के लिए भी विनाशकारी होता है। आरके देशमुख ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। संचालन पूजा देवांगन और अंत में आभार व्यक्त डॉ. नवीन सिंह राजपूत ने किया।



### बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमेशा करें ताजे भोजन का उपयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

उच्चतर माध्यमिक शाला बीजेभाटा में चिरायु टीम तथा शिक्षकों ने 11 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन कर एचआईवी एड्स, टीबी सहित अन्य की जानकारी दी। कार्यशाला में रोग के प्रकोप एवं बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर चिरायु की डॉ किरण गायकवाड तथा डॉ तुषार छाजेड़ ने बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचने के उपाय, संतुलित आहार का महत्व, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने के लिए ताजा एवं पौष्टिक खाना का महत्व बताया। डिब्बा बंद एवं जंक फूड के दुष्प्रभाव को बताते हुए बच्चों को इससे बचने प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि सुबह, दोपहर एवं शाम तीन बार घर का बना पौष्टिक खाने का सेवन करना चाहिए साथ ही प्रतिदिन 8 से 10 गिलास पानी पीने से शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। डॉक्टरों ने तंबाकू से बने उत्पाद से होने वाले कैंसर के बारे में भी बताया। इस दौरान चिरायु टीम के रोशन देवांगन एवं खुशबू मांडवी ने भी करियर के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में बीके बघेला ने एचआईवी एड्स से बचाव एवं संक्रमण के कारण पर चर्चा किया। संचालन एनडी साहू तथा व्यवस्थापन पी साहू ने किया।

---

### लापरवाहों पर प्रशासन का अंकुश नहीं

# मुख्यालय में नहीं रहते अधिकारी, मुलभूत सुविधाएं हो रही प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वार्डों में मूलभूत सुविधा एवं सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कलेक्टरों को प्रातः दौरा करने का निर्देश दिया है किन्तु शहर में स्थिति यह है कि पालिका के अधिकारी- कर्मचारी मुख्यालय में ही नहीं आते। सीएमओ मुख्यालय में रहने के बजाय बाहर से आना जाना कर रहे है। पालिका कार्यालय 11 बजे के पहले ही खुल जाता है लेकिन कर्मचारियों के आने का समय तय नहीं है। कार्यालयीन समय में अधिकारी के नहीं रहने से कर्मचारी भी समय पर नहीं आते हैं।

**एक इंजीनियर के भरोसे सारे काम**

जानकारी के अनुसार तत्कालीन सीएमओ सीके शर्मा के स्थानांतरण के बाद से पालिका का संचालन भगवान भरोसे हो रहा है। नगर में विकास कार्य मात्र एक ऐसे इंजीनियर की देख रेख में हो रहा है जो बाहर से आना जाना करता है। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग डोंगरगढ़ में पिछले 7 साल में 3 एसडीओ का स्थानांतरण हो गया। यहां पदस्थ 5 में से 3 इंजीनियर ही मुख्यालय में रहते है। एक महिला इंजीनियर माह में एक से दो दिन कार्यालय आती है। एक इंजीनियर प्रमोशन के बाद जिला मुख्यालय में पदस्थ हो गया है। लोक निर्माण विभाग में 2 ऐसे इंजीनियर है जो पिछले 10 से 15 साल से पदस्थ है जिसमें से एक इंजीनियर माह में 2- 4 दिन ही आता है। वर्तमान में पदस्थ 3 इंजीनियर दो माह पहले ही स्थानांतरित होकर आए हैं। एसडीओ भी सप्ताह में एक दिन ही कार्यालय पहुंचते हैं। जानकारी के अनुसार अनुविभाग मुख्यालय के आधे से ज्यादा विभाग के अधिकारी- कर्मचारी मुख्यालय में नहीं रहते। नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग, जनपद पंचायत, आरईएस, कृषि विभाग, महिला बाल विकास, विद्युत मंडल, पशु चिकित्सालय के आधे से ज्यादा को शासकीय आवास आबंटित किया गया है इसके बाद भी मुख्यालय में नहीं रहते।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# दूध मोंगरा गंडई के लोक कलाकार देंगे प्रधानमंत्री के सामने प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह का गौरव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने जा रहे राज्योत्सव में गंडई अंचल के लिए एक विशेष गौरव लेकर आया है। राज्य शासन द्वारा अटल नगर, रायपुर में आयोजित इस गरिमामय समारोह जिसमें मुख्य अतिथि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे, छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था दूध मोंगरा गंडई को अपनी प्रस्तुति देने हेतु आमंत्रित किया गया है। संस्था के संस्थापक डॉ. पीसी लाल यादव के निर्देशन में, दूध मोंगरा गंडई के लोक कलाकार 1 नवंबर को राज्योत्सव के मुख्य मंच पर छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और लोक नृत्यों की अपनी नयनाभिराम प्रस्तुति देंगे। यह प्रस्तुति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 15 अगस्त 1976 को स्थापित यह संस्था इस वर्ष अपनी स्वर्ण जयंती (50वां वर्ष) पूरी कर रही है। पिछले पांच दशकों से, संस्था के कलाकारों ने निरंतर पूरे छत्तीसगढ़ और देश के विभिन्न राज्यों में अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है और छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य, लोक संस्कृति व लोक कला के संरक्षण-संवर्धन के लिए सतत संकल्पित रही है।राज्योत्सव में प्रस्तुति देने वाले दल में लोक गायक गौतम चंद जैन, द्वारिका यादव, धर्मेंद्र जंघेल और गायिकाएं सरस्वती निषाद, सुखियारिन मानिकपुरी, सावित्री जोशी, सरला साहू शामिल हैं। वादक कलाकारों में जीवन गंधर्व, हीरालाल साहू, टेक लाल यादव, बबलू गंधर्व, शिव पटेल, तोमेश्वर गंधर्व, ढाल सिंह साहू अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे, जबकि नृत्य पक्ष में मनीराम विश्वकर्मा, पीयूष जंघेल, उत्तम मानिकपुरी, मुकुंद मानिकपुरी, चोवा साहू, खेलन पटेल, भागी साहू, परमानंद साहू, सरोज रजक, हिना साहू, रेखा गंधर्व, पूजा रामटेके, उर्वशी पटेल, सावित्री, दूधनाथ साहू, और डॉ. सियाराम साहू जैसे कलाकार शामिल हैं।



# सरकारी अस्पताल में तीन शिशुओं का सामान्य प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान के नवीन भवन के लेबर वार्ड में 27 अक्टूबर की मध्यरात्रि को तीन का सफल सामान्य प्रसव कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान के बीएमओ डॉ. मनीष बघेल के मार्गदर्शन में प्रसव दल में डॉ. आशीष जंघेल, यास्मीन साहू, सेतन सोरी (स्टाफ नर्स) एवं आया मोनिका तिवारी शामिल थी। टीम के अथक प्रयासों से गर्भवती महिला जमुना पति दीपक निवासी बीरूटोला का सामान्य प्रसव कराया गया। तीनों नवजात शिशुओं का वजन लगभग दो किलोग्राम है और तीनों ही स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं। माता-पिता व परिवारजनों में हर्ष का माहौल है। गौरतलब है कि सीएचसी छुईखदान में पिछले वर्ष दिसंबर में भी तीन शिशुओं का सामान्य प्रसव कराया गया था, जो क्षेत्र में चिकित्सकीय उपलब्धि का एक और उदाहरण है।

# अज्ञानता से अंधविश्वास का जन्म होता है



**खैरागढ़।** दीपावली पर्व को लेकर ब्लाक के कामठा में नवयुवक समिति द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोशल एक्टिविस्ट व पूर्व जिला पंचायत सदस्य विप्लव साहू ने कहा कि अज्ञानता से ही डर और अंधविश्वास का जन्म होता है। समाज में शिक्षा और जागरूकता ही प्रगति की वास्तविक कुंजी है।

उन्होंने युवाओं से सामाजिक एकता, शिक्षा और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि समाज को मजबूत बनाना है तो ज्ञान का प्रसार और सहयोग की भावना सबसे आवश्यक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य कोमल वर्मा, सरपंच राजकुमार वर्मा, पूर्व सरपंच लक्ष्मीकांत वर्मा, सेवक वर्मा, गोपी वर्मा, हरि वर्मा, तेजराम वर्मा, रंजीत रजक, पुनीत साहू, डॉ बसंत यादव व राजेन्द्र वर्मा रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की और युवाओं के प्रयास की सराहना की। सांस्कृतिक संध्या में रंगमंच के कलाकारों द्वारा कारी बदरिया की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम संचालन और आयोजन में अध्यक्ष चंद्रेश यादव, नरेश निषाद, संजय विश्वकर्मा, देवदास निषाद, नेमेंद्र नेताम, शिवम निषाद, खिलेंद्र विश्वकर्मा, यादराम वर्मा सहित पूरी आयोजन समिति का योगदान रहा। समापन पर ग्रामवासियों ने पर्व की शुभकामनाओ का आदान प्रदान करते हुए सामाजिक एकता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

# डामेश्वर सिंह आज होंगे सेवानिवृत्त

**खैरागढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत





सहायक ग्रेड 2 डामेश्वर सिंह अर्धवार्षिक की आयु 62 साल पूरा कर आज सेवानिवृत्त हो रहे है। 2008 से लगातार डाइट में कार्यालय दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करने वाले डामेश्वर सिंह की छवि प्राचार्य अकादमिक सदस्यों सहित कार्यालयीन स्टाफ के साथ हमेशा सहज, मिलनसार और व्यवहार कुशल रहा है। सेवा निवृत पूर्व संयुक्त संचालक कोष लेखा दुर्ग के सहयोग से उनका पीपीओ जारी किया जा चुका है। इसी तरह डॉक्टर पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत व्यायाम शिक्षक जयप्रकाश झा भी अर्धवार्षिक की आयु 62 साल पूर्ण कर आज सेवा निवृत हो जाएंगे। लगभग 20 सालों से शाला में व्यायाम शिक्षक के रूप मे पदस्थ जयप्रकाश झा सदैव खेल को लेकर बच्चों को उत्साहित करते रहे है। सेवा निवृत पूर्व संयुक्त संचालक कोष लेखा दुर्ग के सहयोग से उनका भी पीपीओ जारी किया जा चुका है। डाइट प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा, स्कूल प्रभारी प्राचार्य आरएल वर्मा सहित अन्य ने दोनों वरिष्ठ विभागीय कर्मियो की सेवानिवृत्ति को विभागीय प्रक्रिया बताते हुए सुखद स्वस्थ भविष्य की शुभकामना दी है।

# गोपालपुर में पशु स्वास्थ्य जागरूकता एवं टीकाकरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्यानुभव कार्यक्रम (रावे) के अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता एवं टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छुईखदान के पशुचिकित्सक सहायक सर्जन डॉ. रामपाल टंडन ने किसानों, पशुपालकों एवं विद्यार्थियों को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग और इसके टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह विषाणुजनित रोग अत्यंत संक्रामक होता है तथा समय-समय पर इसका स्वरूप बदलता रहता है, जिसे नियमित टीकाकरण से नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता ने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है और इनका स्वास्थ्य ग्रामीण आजीविका के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर रावे के विद्यार्थियों एवं छुईखदान की पशुचिकित्सा टीम ने पशुपालकों के घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. अरविंद कुमार नंदनवार (रावे कार्यक्रम अधिकारी), डॉ. सेवक ढेंगे (समन्वयक), डॉ. ओपी सोनवानी, डॉ. प्रेरणा जैसवाल एवं डॉ. अजीत पात्रे का विशेष योगदान रहा।

# संत नामदेव की 756वीं जयंती 3 को

## गंडई में विशाल रैली सहित विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



गंडई नामदेव समाज द्वारा इस वर्ष भी संत शिरोमणि नामदेव की जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। समाज ने सर्वसम्मति से तय किया है कि इस वर्ष संत नामदेव की 756वीं जयंती आगामी 3 नवंबर, दिन सोमवार को गंडई मुख्यालय में मनाई जाएगी।

जयंती समारोह की रूपरेखा तय करने के लिए बुधवार, 29 अक्टूबर को राम मंदिर, पंडरिया में नामदेव समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में आपसी रायशुमारी से 3 नवंबर की तारीख तय की गई और पूरे दिन के कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम नामदेव मंच पर भगवान सत्यनारायण की पूजा अर्चना की जाएगी। इसके पश्चात, दोपहर 3 बजे नामदेव मंच से भगवान कृष्ण मंदिर तक एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी सदस्य बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। देर शाम को राम मंदिर परिसर में विभिन्न प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें रंगोली प्रतियोगिता, प्रेरणादायक भाषण तथा सम्मान समारोह शामिल हैं। सभी कार्यक्रमों की समाप्ति सामाजिक भोज के साथ की जाएगी।

बैठक में गंडई नामदेव समाज के युवा अध्यक्ष अजय नामदेव के साथ नीलम नामदेव, सुनील नामदेव, अरविंद नामदेव, नरेश नामदेव, मनोज नामदेव, अश्वनी नामदेव, दीनू नामदेव, संतोष नामदेव, विनोद नामदेव, नवीन नामदेव, सूरज नामदेव, देवनरायन नामदेव, संजय नामदेव, प्रदीप नामदेव, देवेंद्र नामदेव, सोनू नामदेव, प्रेमचंद नामदेव, गोलू नामदेव, आयुष नामदेव सहित समाज के बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। समाज ने इस गरिमामय जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए सभी से उपस्थित रहने की अपील की है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

कं./4043/ अविअ/प्रवा०-3/2025,
राजनांदगांव, दिनांक 23/10/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश गुप्ता पिता स्व. सत्यदेव गुप्ता, निवासी शंकर नगर, बिन्दावनगढ़, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम महरूमखुर्द, पटवारी हल्का नंबर 14, खसरा नंबर क्रमशः 352/2, 353/2, 355/1, 355/2, 357, 358 रकबा (हेक्टेयर में) क्रमशः 0.6880, 1.0600, 0.2370, 0.2370, 0.3600, 0.9950 कुल खसरा 06 कुल रकबा 3.5770 हेक्टेयर के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 03/11/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव



वर्धमान ज्वेलर्स

सोने व चांदी के निर्माता एवं विक्रेता।

सोने, चांदी के सिक्के, बर्तन, पूजा का सामान और कार्पोरेट गिफ्ट के ढ़ेरों विकल्प

कृपया पधारकर सेवा का मौका अवश्य देवें।

अरिहंत, कवर्धा 83057-25255

गोलबाजार, खैरागढ़ (छ.ग.) संभव लुनिया 88897-60000, वैभव लुनिया 96910-99977

## सार समाचार

### कान्यकुब्ज समाज का दीपावली मिलन आयोजित

**राजनांदगांव।** कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संरक्षक डॉ. अरूण शंकर दीक्षित, प्रकाशचंद्र शुक्ला, अध्यक्ष करूणा शंकर तिवारी एवं उपाध्यक्ष विष्णुदत्त तिवारी ने दीपावली की शुभकामनाएं दी। साथ ही समाज की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।




कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम 26 अक्टूबर को कान्यकुब्ज सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। दोपहर 11.30 बजे संरक्षक डॉ. अरूण शंकर दीक्षित, प्रकाशचंद्र शुक्ला, डॉ. सूर्यप्रकाश द्विवेदी, अध्यक्ष करूणा शंकर तिवारी एवं उपाध्यक्ष विष्णुदत्त तिवारी, शशि बाजपेयी, कमला दुबे, निर्णायक डॉ. इंदुमति तिवारी एवं डॉ. नीलम तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही अचला अवस्थी, नीना तिवारी एवं शिखा त्रिवेदी ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान किया। तत्पश्चात बच्चों की फैंसी ड्रेस स्पर्धा तथा नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। महिलाओं की रंगोली प्रतियोगिता, श्रीफल सजाओ प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता तथा बच्चों की क्विज एवं लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में रंगोली एवं श्रीफल सजाओ की निर्णायक डॉ. इंदुमति तिवारी, फैंसी ड्रेस एवं डांस की निर्णायक डॉ. नीलम तिवारी, लेखन प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. आलोक मिश्रा रहे।

### जन्मोत्सव पर आज मचेगी भजनों की धूम

**राजनांदगांव।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय महोत्सव 29 अक्टूबर से 02 नवंबर तक श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है।



महोत्सव के प्रथम दिवस 29 अक्टूबर को मेंहदी उत्सव में सैकड़ों भक्तों ने अपने हाथों में श्याम नाम की मेहंदी लगवाकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। द्वितीय दिवस 30 अक्टूबर को श्री श्याम कुटी से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। भक्तों ने निशान उठाकर श्याम प्रभु के जयकारे लगाए। महोत्सव के तृतीय दिवस कल 31 अक्टूबर को हनुमानगढ़ (राजस्थान) के परम श्याम सेवक देव चुघ अपनी ओजस्वी वाणी से सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर अमृत गंगा प्रवाहित करेंगे। आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालुओं एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि श्याम जन्मोत्सव पर आयोजित तृतीय आयोजित भजन संध्या में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### नेशनल कराते में बेटियों ने जीता स्वर्ण पदक

**मोहला।** फोनिक्स शितोरियो कराते संगठन इंडिया के तत्वाधान में संयुक्त भारत ओपन राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग शहर में किया गया था।



जिसमें जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की चार बेटियों ने विभिन्न वर्ग में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। जिसमें मानपुर विकासखंड की सावित्री धुर्वे आमाटोला ने स्वर्ण पदक, ज्ञानेश्वरी पोटाई मिचगांव ने रजत पदक, इसी प्रकार मोहला विकासखंड की अरुणा जाड़े तथा गौरी हारमे ग्राम पाटनवाडवी ने कांस्य पदक जीतकर नवीन जिले का गौरव बढ़ाया है। उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए विधायक इंद्रशाह मंडावी ने प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया है। पूर्व में भी कराते प्रशिक्षण एवं अंतर्राज्यीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कराते खिलाड़ियों को विधायक मंडावी ने सहयोग किया था। उक्त जानकारी देवानंद कौशिक उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मानपुर ने दिया है।

### बम्हनी में 5 को सम्मान समारोह

**राजनांदगांव।** ग्राम बम्हनी (सुकुलदैहान) में आदिवासी कंवर समाज विकास समिति परिक्षेत्र संस्कारधानी राजनांदगांव (छग) द्वारा तहसील स्तरीय दीपावाली मिलन, युवक-युवती परिचय एवं कंवर गौरव सम्मान समारोह-2025 का आयोजन आगामी 5 नवंबर को किया जा रहा है। इस आयोजन में समाज के शिक्षित, व्यवसायिक, कृषि, खेलकूद एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभावान व्यक्तियों को '' कंवर गौरव सम्मान'' से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही युवाओं के लिए युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रेरक उद्बोधन एवं सामाजिक संगोष्ठी का भी आयोजन रखा गया है।

### शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय द्वारा चयनित छात्र संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर गोद ग्राम पारीकला के नवनिर्वाचित सरपंच कामिनी अंबेकर एवं पंचगण मौजूद रही। छात्र संघ प्रभारी धनंजय साहू ने कहा कि छात्र संघ का मुख्य उद्देश्य छात्रों का प्रतिनिधित्व करना, हितों की रक्षा करना और समग्र विकास को बढ़ावा देना है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि छात्र संघ एक शक्ति की प्रतीक है ।

### दीपावली मिलन समारोह आज

**राजनांदगांव।** पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर का दीपावली मिलन कार्यक्रम कल शुक्रवार को रात्रि 8 बजे सिंधु भवन लालबाग में आयोजित किया गया है। पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहाकार आवतराम तेजवानी एवं अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी ने बताया कि दीपावली मिलन के अवसर पर सामाजिक बंधुओ के साथ मेल-मुलाकात और फिल्म सिंध स्टोरी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव हरीश मोटलानी एवं अर्जुन गंगवानी ने समाज के युवा साथियों से सिंधी फिल्म देखने समारोह में उपस्थिति का आव्हान किया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर प्रकरण तैयार, किसानों को शीघ्र मिलेगी राशि

# बारिश से फसल खराब, क्लेम लेने किसानों के लिए टोल फ्री नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बारिश के चलते प्रभावित फसल एवं किसानों को अब मुआवजा दिलाने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने किसानों की सहायता के लिए एक टोल फ्री नंबर जारी किया है। जिसमें अपनी शिकायत दर्ज कराने पर किसानों की मदद की जा रही है। बड़ी बात यह है कि 25 फीसदी पीड़ित किसानों का तत्काल प्रकरण तैयार भी कर लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जनदर्शन में विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम बरनालाकला के कृषकों द्वारा अधिक वर्षा से धान फसल नुकसान होने तथा क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन किया गया था। आवेदन पर त्वरित विचार कर कलेक्टर ने कृषि विभाग एवं फसल बीमा कंपनी को तत्काल गांव में जाकर फसल सर्वे करने का निर्देश दिया। जिसके परिपालन में बीमा कंपनी द्वारा कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों तथा किसानों के साथ वर्षा प्रभावित फसलों का निरीक्षण किया तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा के अधिसूचित बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इन्सुरेंस कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 में शिकायत दर्ज करवाकर प्रावधानासुसार क्षति आंकलन पर बीमित राशि का 25 प्रतिशत कृषकों को त्वरित भुगतान के प्रावधान के तहत प्रकरण तैयार किया गया।



### गांव पहुंची बीमा कंपनी

फसल क्षति आंकलन निरीक्षण के समय ग्राम के किसान छगन साहू, देवकुमार झाधव, रजलाल निषाद, मूलचंद सोनवाने, कृष्णा यादव एवं अन्य किसानों के साथ बीमा कंपनी से छबिलाल चंद्रवंशी, गजेंद्र कंवर, महेंद्र सलामे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जीवन चंद्रवंशी तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुनील शर्मा द्वारा मौके पर रहकर निरीक्षण किया गया।

### दर्ज कराए शिकायत, मिलेगी मदद

विभाग ने किसानों को यह भी बताया कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा के अंतर्गत फसल बीमा करवाया है तो गैर ऋणी/ऋणी कृषक किसान बारिश-आपदा से फसल कटाई के 14 दिवस तक खेत में पड़ी फसल कटाई उपरांत खराब होने की दशा में टोल फ्री नंबर 14447 या क्रॉप इंश्योरेंस ऐप या पीएमएफबीवाय वॉट्सएप चेटबोट 7065514447 पर शिकायत 72 घंटे के अंदर दर्ज करा सकते हैं। जिससे कंपनी द्वारा उनके खराब फसल का निर्धारित समय में सर्वे कर सके। जिससे किसान को उचित मुआवजा मिल सके।

### इस तरह होगी शिकायत

किसान अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप चैट बॉट नंबर 7065514447 पर मैसेज कर सीधे ही फसल खराबे की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा किसान कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर कॉल कर आधार कार्ड नंबर से फसल खराबे की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा ऋणी कृषक जिस बैंक से केसीसी लोन लिया है, उस बैंक शाखा से पॉलिसी नंबर प्राप्त कर खराबे की शिकायत दर्ज करवाए। जबकि ऋणी/गैर ऋणी कृषक पोर्टल पर फार्मर कॉर्नर ऑप्शन पर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से अपने पॉलिसी नंबर का पता कर खराबे की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### आबकारी एक्ट के 14 मामलों में कार्रवाई

**खैरागढ़।** जिला केसीजी के अलग-अलग थानों में आबकारी एक्ट के कुल 14 प्रकरण एवं 2 अवैध कबाड़ियों पर कार्रवाई की गई है। जिससे हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस के अनुसार जिले में बढ़ते अपराधों पर रोकथाम एवं जुआ, सट्टा, गांजा, शराब, कबाड़ी के विरूद्ध सख्ती से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 29 अक्टूबर को पुलिस टीम केसीजी द्वारा जिला केसीजी के अलग-अलग थानों में आबकारी एक्ट के अंतर्गत थाना छुईखदान में 5 प्रकरण, थाना खैरागढ में 4 प्रकरण, ओपी जालबांधा में 2 प्रकरण, थाना गंडई में 1 प्रकरण, थाना ठेलकाडीह में 1 प्रकरण, थाना साल्हेवारा में 1 प्रकरण कुल 14 प्रकरण एवं अवैध कबाड़ी पर थाना छुईखदान में 1 प्रकरण, थाना गंडई में 1 कुल 2 प्रकरण की कार्रवाई किया गया।

### मेलाः अधिकारियों को सौंपा दायित्व

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव ने 4, 5 एवं 6 नवंबर को राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत आयोजित मोहारा में कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थल पर आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं मिले बच्चे, थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत उपरवाह कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर यादव ने ग्राम पंचायत में उपस्थित सरपंच से चर्चा कर गांव में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम पंचायत में संधारित पंजीयों का निरीक्षण किया। उन्होंने सही तरीके से पंजी संधारण करने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गांव में पूर्ण, निमार्णाधीन एवं स्वीकृत आवासों की जानकारी ली। उन्होंने योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने एवं अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराने के लिए ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया।कलेक्टर यादव ने ग्राम उपरवाह के करेलापारा में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने कहा।



### कलेक्टर ने जताई नाराजगी

कलेक्टर यादव ने ग्राम उपरवाह के आंगनबाड़ी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर यादव ने आंगनबाड़ी केन्द्र में 22 बच्चों की जगह कम बच्चे उपस्थित पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते आंबनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों से आंगनबाड़ी केन्द्र में दिए जाने वाले गरम भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने कहा। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र के रसोई रूम एवं स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में साफ-सफाई रखने कहा।

## शराब दुकान से स्केनर डिवाइस चोरी, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

कम्पोजिट शराब दुकान में लगे स्केनर डिवाइस की चोरी होने के मामले की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी का पता तलाश कर गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जालबांधा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 28 अक्टूबर को प्रार्थी टीपेश सोनी कम्पोजिट शराब दुकान जालबांधा सुपरवाइजर द्वारा चौकी उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि एक व्यक्ति विदेशी शराब दुकान में रखे स्केनर डिवाइस कीमती 50,000 रुपए को चोरी कर ले गया है।

रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज से आरोपी का पता तलाश कर आरोपी गनेन्द्र उर्फ गोपाल बंजारे 25 साल ईरइकला को 29 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

## आवास का आबंटन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस के अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास की लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है। उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास योजनांतर्गत मिल रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुंदर सुविधायुक्त 1340 बहु मंजिला आवास लखोली, पेंड्री, मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है एवं 590 आवास विभिन्न स्तरों पर निर्माणाधीन है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 217 पात्र आवेदकों को आवास का आबंटन किया गया। परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर 31 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे निगम सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किए जाएंगे।

### 822 पात्र आवेदक

आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत वर्षों से किराये में निवासरत परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है। दावा-आपत्ति उपरांत पूर्व की सूची के 822 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से 31 अक्टूबर को आवास का आबंटन किया जाएगा।

### 10 फीसदी जमा करनी होगी राशि

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है, उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं शेष राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली 2,74,044 रुपए, 258 यूनिट रेवाडीह, पेंड्री 2,91,027 रुपए 870 यूनिट पेण्ड्री एवं मोहारा 2.80,115 रुपए से सभी निर्माणाधीन आवास एक वर्ष में पूर्ण कर लिए जाएंगे। हितग्राही आबंटन उपरांत अपने स्वयं के आवास को अपने आंखों के सामने बनते देख सकते हैं।

## छात्र की गुम साइकिल को खोजकर पुलिस ने किया सुपुर्द



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कोचिंग गए छात्र की साइकिल गुम होने की रिपोर्ट पर पुलिस ने साइकिल को खोजकर छात्रा को सुपुर्द किया है।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतिर्गत प्रार्थी ने शिकायत आवेदन पत्र पेश किया कि 29 अक्टूबर को वह अपनी साइकिल को कोचिंग के बाहर खड़ी कर कोचिंग गया था। कोचिंग के बाद वापस आकर देखा तो उसकी हीरो कंपनी की साइकिल वहां पर नहीं थी, जिसे आसपास पता तलाश किया, किन्तु कोई पता नहीं चला। पुलिस के अनुसार प्रार्थी के गुम साइकिल को बरामद कर छात्र को सुपुर्द किया गया। छात्र अपनी गुम साइकिल को पाकर राजनांदगांव पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## ट्रक की ठोकर से गिरा बाइक सवार, पत्थर मारकर तोड़ा शीशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज दोपहर शहर के महावीर चौक में एक बाइक सवार ट्रक की ठोकर से गिर गया। इसके बाद उसने जमकर हंगामा किया और ट्रक के शीशे पर पत्थर मारकर शीशा तोड़ दिया। वहीं यातायात की महिला सिपाही के साथ भी जमकर बहस की।




आज दोपहर शहर के गुरुद्वारा चौक की तरफ से आ रही एक ट्रक ने बाइक सवार को ठोकर मारी दी। जिससे बाइक सवर युवक गिर पड़ा। इसके बाद उसने इस घटना में ट्रक चालक के खिलाफ आक्रोश जताते हुए समीप पड़े एक पत्थर को उठाकर ट्रक के सामने शीशे पर दे मारा। जिससे शीशा टूट गया। वहीं डंडा पकड़कर ट्रक ड्राइवर को मारने दौड़ा। इस दौरान यातायात पुलिस की महिला सिपाही जब पहुंची तो बाइक सवार द्वारा इस हादसे को लेकर यातायात विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते महिला आरक्षक के साथ जमकर बहस की गई। वहीं मामला बढ़ता देख यातायात के जवान मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक खैरागढ़ की ओर मुड़ रहा था, तभी बाइक सवार ट्रक के सामने आ गया था, जिसे ठोकर लगी थी। हालांकि इस हादसे में किसी को भी गंभीर चोंट नहीं आई है।

### बांये मुड़ने व्यवस्था नहीं

महावीर चौक पर यातायात का दबाव काफी बढ़ा हुआ है। यहां सिग्नल में टाइमर नहीं है। लोग ग्रीन होने से पहले ही पीली बत्ती में ही अपने वाहन आगे बढ़ा देते हैं। जिससे कई बार हादसे होते हैं। वहीं सभी दिशा से बांये मोड़ने के लिए सिग्नल पर व्यवस्था नहीं बनाई गई है। जिसके चलते बांये मुड़ने वाले लोग भी खड़े रहते हैं। इस दौरान सीधे जाने वाले और बांये मुड़ने वाले वाहनों के बीच अक्सर टक्कर होती है।

ANNS POULTRY
ड्राईवर की आवश्यकता है
इंटरव्यू में आने के समय अपना रिज्यूम और आधार कार्ड साथ में लावें। / अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -9425578899
सांगली ब्रांच, सांगली नर्सरी के सामने, अंबागढ़ चौकी

## शराब कोचियों की धरपकड़ तेज, मचा हड़कंप

■ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिससे शराब कोचियों में हड़कम्प की स्थिति निर्मित है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर क्षेत्र में शराब कोचिया के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान आरोपी रज्जन यादव 55 साल निवासी बांसपाईपारा को अवैध रूप धन अर्जित करने के उद्देश्य से अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 12 पौवा देशी मसाला शराब जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।



### गैंदाटोला थाना

इधर गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 अक्टूबर को मुखबीर सूचना पर ग्राम गैंदाटोला के बिजली आफिस के पास आरोपी समीर कुंजाम 23 साल ग्राम ठाकुरबांधा को 25 पौवा डिलक्स विस्कीत एवं बिक्री रकम 160 रुपए कुल जुमला रकम 3160 रुपए के साथ पकड़ा और मौके पर आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विधिवत कार्रवाई की गई।

### सोमनी पुलिस की कार्रवाई

इधर सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्रवाई अभियान के दौरान 28 अक्टूबर को मंगलू निषाद 38 साल निवासी ग्राम मनकी को ग्राम खुटेरी चौक के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकडा गया। आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2400 रुपए व बिक्री रकम 300 रुपए को जब्त कर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### पुलिस चौकी सुकुलदैहान

इधर सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 29 अक्टूबर को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति बाइक में पेंड्री भट्ठी से शराब खरीदकर महिला बैग में अवैध रूप से शराब का परिवहन करते ग्राम पेंड्री- बरगा से होते हुए ग्राम धनगांव की ओर जा रहा है। सूचना पर चौकी सुकुलदैहान पुलिस द्वारा बरगा क्रासिंग के पहले संदेही बाइक की चेकिंग करने पर उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर 32 पौवा देशी प्लेन शोले शराब बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी प्रदीप वर्मा 28 वर्ष रूवातला को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।





**सौगात : विधायक भावना की प्रतिबद्धता से 2 करोड़ 80 लाख रुपए विकास कार्यो की मिली सौगात**

# पंडरिया में 55 विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



जनता की बहुप्रतीक्षित मांग हो या पंडरिया नगर में जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की सक्रियता से पंडरिया नगर को निरंतर विकास कार्यो की सौगात मिल रही है। पंडरिया नगर पालिका परिषद अंतर्गत विभिन्न वार्ड एवं नगर में किड्स प्ले एरिया, जॉगिंग एरिया, पेयजल, सीसी रोड, स्ट्रीट व हाई मास्ट लाइट, विद्युत व्यवस्था हेतु पोल, नाली निर्माण, पेवर ब्लॉक व विभिन्न कार्यो हेतु 2 करोड़ 80 लाख 98 हजार रुपए की नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति मिली है।

इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए नगर वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के सुशासन एवं विकास नीति का जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षो तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे, वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वहीं शहरी क्षेत्रों में भी व्यावसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए अधोसंरचना विकास व सौन्दर्यीकरण, चौक-चौराहों का निर्माण तथा सुगम आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कई विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहीं कई विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिसमें पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है और विकास कार्य धरातल पर दिख रहें हैं जिससे जनता में भी एक नया आत्मविश्वास दिख रहा है।

### चौक-चौराहों का निर्माण व सुगम आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर




विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि हाल ही में नगर वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को देखते हुए हमने निरंतर प्रयास किया, जिसके परिणाम स्वरूप केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री द्वारा पंडरिया नगर अंतर्गत एनएच 130 के 4.55 किलोमीटर सड़क मरम्मत कार्य हेतु 20 करोड़ रुपए की स्वीकृति हमें मिली और उसके लिए टेंडर भी जारी हो चुका है और जल्द ही प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो जाएगा। इसके पूर्व भी पंडरिया नगर पालिका अंतर्गत 1 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो की सौगात मिली है, स्वच्छता व्यवस्था हेतु नए वाहनों की खरीदी, हरिनाला पुल-निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई, पंडरिया बॉयपास का निर्माण हो रहा है। वहीं महाविद्यालयिन्न छात्राओं हेतु निःशुल्क बस सेवा के शुभारम्भ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा पंडरिया में 250 सीटर नालंदा परिसर निर्माण और नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग बिसेसरा से पंडरिया तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य की सौगात दी है जो प्रक्रियाधीन है। निरंतर विकास कार्यो की स्वीकृति, उनके क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के साथ उच्च गुणवत्ता से हो रहें अधोसंरचना निर्माण कार्यो से आज पंडरिया नगर की तस्वीर बदल रही है। पंडरिया नगर की आर्थिक प्रगति एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु यह विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य मील का पत्थर साबित होंगे।

## सुशासन तिहार में गौरव पथ सड़क की मांग पर आज पर्यंत तक अमल नहीं, वार्डवासी परेशान



■ जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन द्वारा गांव की समस्याओं को जानने एवं समस्याओं को हल करने के लिए सुशासन तिहार अंतर्गत गांव-गांव में कर्मचारियों द्वारा शिविर लगाकर समस्याओं व आवेदन लिया गया। लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जाता है कि विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कुआंमालगी के रहवासी ग्रामीणों सतखोजन विश्राम, पिंटू राकेश, गोविंद, राजाराम, संजय सहित वार्डवासियों ने वार्ड क्रमांक 09 सतनामी पारा में समस्याओं को देखते हुए गौरव पथ सड़क की मांग करते सुशासन तिहार में आवेदन दिया गया था, ताकि वार्ड क्रमांक 09 की तस्वीर बदल सकें साथ ही साथ ग्रामवासियों को आने-जाने में राहत तथा सुविधा मिल सकें। ग्रामीण रहवासियों ने बताया कि सुशासन तिहार में गौरवपथ सड़क की मांग किया गया जो अभी तक अमल नहीं हुआ है, जिससे वार्डवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि सुशासन तिहार में समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया लेकिन आज पर्यंत तक स्थिति जस के तस बनी हुई है। जिस पर वार्डवासियों ने एक बार फिर शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा समस्याओं को तत्काल संज्ञान मां लेते हुए निराकरण किया जाए ताकि आने-जाने वाले ग्रामीणो को राहत मिल सके।

**खबर संक्षेप**

### राज्य गीत अरपा पैरी के धार गीत बजाये जाने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय राष्ट्रीय संगठन छत्तीसगढ़ ने आगामी 1 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ 25 वर्ष पूरे करने जा रहा है। यह सिर्फ एक तारीख नहीं बल्कि यह हमारी मातृभूमि, हमारी परंपरा और हमारी अस्मिता का उत्सव है। अरपा पैरी के धार कोई साधारण गीत नहीं, यह हमारे राज्य की आत्मा की धारा है, जो हर छत्तीसगढ़वासी के दिल में बहती है। जिस पर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन सौंपा है और यह मांग रखी है कि 1 नवंबर को पूरे प्रदेश में सरकारी कार्यक्रम, स्कूल या सार्वजनिक मंच हर जगह हमारा राज्य गीत अरपा पैरी के धार गूंजे। यह सिर्फ एक मांग नहीं बल्कि यह हमारी संस्कृति के सम्मान की पुकार है। साथ ही मौखिक रूप से कलेक्टर कार्यालय के छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा को रंग-रोगन के लिए अवगत कराया। अगर सरकार इस पर ध्यान नहीं देती, तो हम शांतिपूर्ण सांस्कृतिक प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश देंगे कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अनदेखा नहीं किया जा सकता। इस ज्ञापन सौंपने के दौरान सुरेश साहू, राकेश निषाद, विकास चंद्रवंशी, कोमल साहू और विसर्जन यादव मुख्य रूप से उपस्थित थें। साथ ही साथ सबने मिलकर यह संकल्प लिया कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता और राज्य गीत के सम्मान के लिए हमेशा एकजुट रहेंगे।

## क्षेत्र में आंवला अक्षय नवमी पूजा अर्चना कर धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को अंगिरा गोत्रीय विप्र परिवार दुल्लापुर द्वारा अक्षय नवमी के पावन पर्व पर एक साथ आंवला पेड़ की विधि विधान से पूजा अर्चना व प्रसाद ग्रहण कर श्री लक्ष्मी-नारायण से आर्शीवाद व मंगल कामना की गई। जिसमें दुल्लापुर निवासी पं प्रशांत शर्मा ने बताया कि पौराणिक एक कथा के अनुसार देवी मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण कर रही थी और उन्होंने भगवान विष्णु और शिव की एक साथ पूजा करने की इच्छा व्यक्त की, उन्होंने देखा कि विष्णु को तुलसी और शिव को बेल प्रिय है और यह गुण आंवले के पेड़ में भी है, मां लक्ष्मी ने आंवला पेड़ को विष्णु और शिव का प्रतीक मानकर उसकी पूजा की। जिससे प्रसन्न होकर दोनों देवता प्रकट हुए, देवी लक्ष्मी ने आंवला पेड़ के नीचे भोजन बनाया और दोनों देवताओं को भोजन कराया, फिर खुद प्रसाद ग्रहण किए। इसलिए तब से कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि इस दिन आंवले के पेड़ से अमृत की बूंदे टपकता है और इसकी पूजा करने से सभी पापों का नाश होता है और मनचाही इच्छाएं पूर्ण होती है। जिस पर अंगिरा गोत्रीय सभी महिलाएं सुबह से एक साथ भोजन प्रसादी बनाएं साथ ही साथ सुंदर रंगोली सजाकर आंवले के नीचे श्रीलक्ष्मी-नारायण, व शिव का पूजा अर्चना किया तथा सभी लोग एक साथ बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### पंडरिया में नृसिंह गोस्वामी महाराज का आगमन, सीता रसोई में हुआ स्वागत

**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया-पांडातराई (नवागांव) में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में कथावाचक नृसिंह गोस्वामी महाराज (सेवा अधिकारी श्री राधारमण मंदिर, वृंदावन मथुरा) का आगमन हुआ। वहीं महाराज ने पंडरिया में नव-निर्मित सीता रसोई पहुंचकर समिति सदस्यों से भेंट की। इस अवसर पर समिति एवं श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज ने कहा कि सेवा और भक्ति जीवन का सच्चा धर्म है। उन्होंने समाज के हित में संचालित सीता रसोई की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, महिला मंडल एवं भक्तगण उपस्थित थें। अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




## छिरहा स्कूल में कदम के पौधा लगाकर नीतेश ने दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली अभियान के तहत छिरहा हाई स्कूल में कदम के पौधे का रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कबीरधाम जिला भाजपा उपाध्यक्ष नीतेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति में पौधारोपण से हुई। श्री अग्रवाल ने कदम का पौधा लगाकर सभी से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण आवश्यक है और यह कार्य तभी सफल होगा जब हर व्यक्ति एक पेड़ लगाकर उसकी जिम्मेदारी भी निभाए।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों और विद्यार्थियों से भेंट-मुलाकात कर उनके विचार सुने और क्षेत्र की जरूरतों पर चर्चा की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थें। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया।

### कोलेगांव में संकुल स्तरीय बालक-बालिका खेल प्रतियोगिता का आयोजन, खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया में संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतिस्पर्धा का आयोजन मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें अतिथिगण एसएमडीसी अध्यक्ष डॉ संतोष साहू, रामाधार शर्मा, सरपंच सुरेश ध्रुर्वे, दिनेश पांडेय, एसएमसी अध्यक्ष विकास शर्मा, संकुल प्राचार्य संतोष कुमार डहरिया, संकुल समन्वयक रामफल चंद्राकर, संकुल के समस्त प्रधान पाठक एवं शिक्षक-शिक्षिका और विद्यार्थी गण की उपस्थिति में खेल प्रारंभ हुआ। जिसमें कोलेगांव संकुल क्षेत्रांतर्गत ग्राम मोहतरा कला, अमलीमालगी, कुआंमालगी, कोलेगांव के बालक बालिकाओं ने भाग लिया। संकुल स्तरीय खेतल प्रतियोगिता में प्रथम दिवस सामूहिक खो-खो, कब्बड्डी खेल सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें प्राथमिक विभाग 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, बोरा दौड़, खुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, गोली-चम्मच दौड़, सुई-धागा दौड़ व लंबी कूद तथा माध्यमिक विभाग में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, गोली-चम्मच दौड़, सुई-धागा दौड़ साथ ही साथ बालिकाओं के लिए लंबी कूद, ऊंची कूद व सामूहिक खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं संकुल स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर बालक-बालिकाओं में खेल को लेकर भारी उत्साहित नजर आ रहे हैं, क्योंकि खेल भी एक ऐसा पढ़ाई है जो मनोरंजन के साथ ज्ञान को भी बढ़ता है। खेल-खेल के माध्यम से मानसिक संतुलन ठीक रहता है।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन, अब राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व**

## आरपीएस स्कूल के छात्र खिलेश्वर पटेल ने पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में जीते तीन मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बिलासपुर में आयोजित 12 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के प्रतिभावान छात्र खिलेश्वर पटेल ने अपने साहस, मेहनत और लगन से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीतकर पूरे जिले और विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा किया है। खिलेश्वर ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान, 50 मीटर बैक स्ट्रोक में द्वितीय स्थान तथा 50 मीटर फ्री स्टाइल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि पैरा दिव्यांग खिलाड़ी भी अटूट इच्छा-शक्ति और संघर्ष के दम पर हर चुनौती को पार कर सकते हैं। मेहनत और आत्मविश्वास की मिशाल बने खिलेश्वर पटेल ने तैराकी में अपनी निपुणता से यह दिखाया कि सच्चा खिलाड़ी वही है जो सीमाओं को तोड़कर नई राह बनाता है। उन्होंने अपनी मेहनत व अनुशासन और निरंतर अभ्यास से यह सिद्ध कर दिया कि दिव्यांगता सफलता की राह में बाधा नहीं, बल्कि प्रेरणा बन सकती है। अब खिलेश्वर का चयन आगामी राष्ट्रीय पैरा तैराकी प्रतियोगिता के लिए संभावित खिलाड़ियों में किया गया है। श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में छात्र खिलेश्वर की इस शानदार सफलता पर खुशी का माहौल है। जिस पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. आदित्य चंद्रवंशी ने खिलेश्वर को बधाई देते हुए कहा कि खिलेश्वर पटेल ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। उनका यह प्रदर्शन विद्यालय, जिले और समाज के लिए प्रेरणादायक है। वहीं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने कहा कि खिलेश्वर की यह उपलब्धि प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने जिस जज्बे और आत्मविश्वास से यह सफलता हासिल की है, वह सराहनीय है। हमें विश्वास है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी चमक बिखेरेंगे। जिस पर विद्यालय के खेल विभाग, प्रशिक्षकों एवं सभी शिक्षकगणों ने छात्र खिलेश्वर पटेल की इस शानदार उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह जीत सभी विद्यार्थियों में खेलों के प्रति उत्साह और समर्पण की भावना को बढ़ाएगी









**खबर संक्षेप**

### सचेत, दामिनी एवं मेघदूत ऐप का करें उपयोग

**कवर्धा।** जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि वे आपदा की परिस्थितियों में सुरक्षा एवं पूर्व चेतावनी के लिए विकसित मोबाइल एप्लिकेशन सचेत, दामिनी एवं मेघदूत का उपयोग करें। ये एप्लिकेशन बाढ़, आकाशीय बिजली, वनों में आग, लू एवं ताप-घात जैसी प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे समय रहते आवश्यक सावधानी बरती जा सके। इसके साथ ही आपदा के समय जनसामान्य की सहायता एवं बचाव के लिए शासन द्वारा आपदा टोल फ्री नंबर 1070 जारी किया गया है।

### जिला स्तरीय राज्योत्सव में सांसद होंगे अतिथि

**कवर्धा।** राज्य स्थापना दिवस-2025 के अवसर पर जिला मुख्यालय में राज्योत्सव मनाया जाएगा। इन कार्यक्रम में राज्य के मंत्री, सांसदों व विधायकों को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य शासन ने प्रत्येक जिले के लिए मुख्य अतिथि के नाम की घोषणा की है। बेमेतरा में सांसद विजय बघेल, कबीरधाम में सांसद संतोष पाण्डेय अतिथि होंगे। जिले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, स्थानीय उत्पादों की झांकी व विकासपरक योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे।

**खुलासा:** फर्जी मतदाता जोड़ने के खेल का पर्दाफाश, दर्ज कराई गई एफआईआर: कैलाश चन्द्रवंशी

# पूर्व मंत्री मो. अकबर के करीबी पर मतदाता सूची में फर्जी नाम जुड़वाने का गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजपा के कार्यकर्ता व नेतागण विधानसभा चुनाव के दौरान फर्जी मतदाताओं के नाम कवर्धा विधानसभा निर्वाचन मतदाता सूची में जोड़े जाने के आरोप ततकालीन सरकार के मंत्री मो. अकबर पर लगाते रहे है। लेकिन कांग्रेस के नेता और पूर्व मंत्री मो. अकबर इसे हमेशा झुठलाते रहे हैं। लेकिन अब जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने बकायदा प्रेसवार्ता कर इस फर्जीबाड़ा का बड़ा खुलासा कर तत्कालीन पूर्व मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए है। उन्होने गुरूवार को आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हमने विधानसभा चुनाव के समय अलग-अलग फोरम पर बात रखते हुए यह आरोप लगाया था कि कवर्धा के पूर्व विधायक अपने ही पार्टी के कार्यकर्ताओं पर भरोषा नहीं करते इसलिए चुनाव के दौरान बाहरी लोगों को मतदान दिवस पर निर्वाचन क्षेत्र ना छोड़ना पड़े इस उद्देश्य से जनमत को प्रभावित करने सैकड़ो बाहरी लोगों के नाम अलग-अलग बूथ पर फर्जी तरीके से निर्वाचन विभाग को गलत जानकारी देकर जोड़े गए। उन्होंने बताया कि भाजयुमो के कार्यकर्ता रवि राजपूत की मेहनत के परिणाम स्वरूप ऐसे सैकड़ो फर्जी मतदाताओं में से 02 के संबंध में पुख्ता जानकारी एकत्र कर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोप है कि इन्होने कूट रचना कर गलत तरीके से मतदाता सूची में अपने नाम जुड़वाए हैं। श्री चन्द्रवंशी ने कहा के आने वाले दिनो में अपने स्तर पर पुष्टि करने के बाद अन्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।



### विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया मामला

इन दोनों के विरुद्ध हमारे सक्रिय कार्यकर्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि राजपूत ने सबूत के साथ-साथ एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमे भादस. 1860 के धारा 199, 200, 419, 468, 34 के तहत 27 अक्टूबर को अपराध पंजीबद्ध कराया है। कैलाश चन्द्रवंशी ने बताया कि इसके अतिरिक्त भी सैकड़ो नामो की सूची हमारे पास है जिसकी अपने स्तर पर पुष्टि कर रहे है। साथ ही हम पुलिस प्रशासन और जिला निर्वाचन अधिकारी से भी मांग करते है कि ऐसे फर्जी मतदताओं के खिलाफ सघन जांच हो और इसमें जिनकी भी मिली भगत है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो।

### फर्जी आईडी पेशकर दर्ज कराए गए नाम

श्री चन्द्रवंशी ने प्रेसवार्ता में दोनो फर्जी मतदाताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी सांझा करते हुए बताया कि ये दोनों लोग पूर्व विधायक मो. अकबर एवं उनके पुत्र के बहुत करीबी है जिनका कवर्धा से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने बताया तैय्यब खान पिता मुन्नू खान जिनका नाम रायपुर उत्तर 50 के मतदाता सूची में बूथ क्रमांक 136 में इपिक संख्या टीआईएस 1629021 में दर्ज था। जिन्होने कवर्धा विधानसभा चुनाव के पहले, पहली बार मतदाता सूची में नाम जोड़ने वाले फार्म 6 भरकर अपना नाम बूथ क्रमांक 363 मतदाता संख्या 520 में इपिक नंबर डब्ल्यूआईक्यू 3094612 में दर्ज कराया था। इन्होने बचेडी के निवासी मो. अकबर के खास कलीम खान के पते पर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाया है। इनके आधार कार्ड पर पता फूल चौक रायपुर दर्ज है जिसमें इनका जन्म वर्ष 1980 अंकित है जबकि कवर्धा में मतदाता सूची में इन्होने पहली बार मतदाता होने वाले फार्म 06 में अपना जन्म वर्ष 2004 अंकित किया है यह गंभीर कूट रचना है।

### त्रिशुर केरला में जन्मे व्यक्ति ने बताया कवर्धा जन्म स्थान

वहीं दूसरा व्यक्ति रमिज कुट्टी पिता गग्रिन कुट्टी है, इनका नाम विधानसभा रायपुर ग्रामीण 48 के बूथ क्रमांक 139 इपिक न डब्ल्यूवाईके 1120724 में मतदाता संख्या 624 में पहले से ही दर्ज है। इन्होने अपना नाम पहली बार मतदाता होने पर नाम जोड़ने वाल फार्म 06 का उपयोग कर कवर्धा विधानसभा के बूथ क्रमाक 373 में इपिक संख्या डब्ल्यूआईक्यू 3104585 मतदाता संख्या 515 में अपना नाम जुड़वाया है। इन्होने मतदाता सूची में नाम जोडने के लिए अपना जन्म स्थान कवर्धा बताया है जबकि इस व्यक्ति के पासपोर्ट में जन्म स्थान त्रिशुर केरला दर्ज है। इस प्रकार इन दोनों व्यक्तियों ने जो अकबर के बहुत करीबी है गलत शपथ पत्र देते हुए निर्वाचन के दौरान कवर्धा में बने रहने व जनमत को प्रभावित करने के उद्धेश्य से अपना नाम फर्जी तरीके से मतदाता सूची में जुडवाया है यह गंभीर और संगीन अपराध की श्रेणी में आता है।

# मोंथा तूफान का असर, जिले में झमाझम बरिश, किसान चिंतित

## धान कटाई पर लगा ब्रेक, फसलों के नुकसान की आशंका



■ आने वाले दिनो में भी बेमौसम बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने निम्न दबाव के क्षेत्र का प्रभाव अब कबीरधाम जिले के मौसम में भी साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। बीते चार-पांच दिनों से अंचल का मौसम पूरी तरह बदल गया है और पूरे जिले में रूक-रूककर हल्की से लेकर तेज बारिश का सिलसिला जारी है। लगातार हो रही इस बारिश ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं खेती-किसानी पर भी इसका गहरा असर पड़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना यह निम्न दबाव का क्षेत्र अब और अधिक सक्रिय होकर गंभीर निम्न दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया है। इसे मोंथा चक्रवात नाम दिया गया है, जो धीरे-धीरे ओडिशा के पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा सरकार ने इस संभावित तूफान को देखते हुए अपने सभी 30 जिलों में अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं पश्चिम बंगाल के तटीय हिस्सों में भी इसका प्रभाव देखा जा सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस चक्रवात मोंथा का असर छत्तीसगढ़ पर भी पड़ रहा है, जिसके कारण प्रदेश के कई जिलों में बेमौसम बारिश दर्ज की जा रही है। कवर्धा जिले की स्थिति भी इससे अछूती नहीं है। यहां बीते कई दिनों से रूक-रूककर बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को सुबह से ही आसमान में घने काले बादल छाए रहे और दिनभर जिले के कई हिस्सों में झमाझम वर्षा होती रही। लगातार बरसात से सूर्य देव के दर्शन तक नहीं हो सके और मौसम पूरी तरह ठंडा हो गया।

### धान कटाई पर लगा ब्रेक

लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिले में इस समय धान की कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा था, लेकिन पिछले चार दिनों से जारी बरसात ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में पानी भरने से कटाई के कार्य पर पूरा ब्रेक लग गया है। जिन किसानों ने धान की कटाई कर ली थी, वे उसे सुखाने में असमर्थ हैं, जबकि बाकी किसान कटाई आरंभ भी नहीं कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि अगर बारिश का यही सिलसिला जारी रहा, तो कटी हुई फसल अंकुरित होने की स्थिति में आ सकती है, जिससे भारी नुकसान होगा। वहीं खेतों में खड़ी धान की फसल गिरने लगी है, जिससे धान की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर असर पड़ सकता है।

### किसानों को भारी नुकसान की आशंका

किसान संघों का कहना है कि इस समय अधिकांश खेतों में धान पूरी तरह पक चुका है और कटाई के लिए तैयार है। ऐसे में लगातार बारिश होने से खेतों में पानी जमा हो रहा है, जिससे धान के पौधे झुकने लगे हैं। इससे कटाई में दिक्कत तो आएगी ही, साथ ही धान की नमी बढ़ने और टूटन की संभावना भी ज्यादा हो गई है। किसानों का यह भी कहना है कि यदि आने वाले कुछ दिनों तक बारिश का क्रम नहीं थमा, तो खरीफ सीजन की मेहनत पूरी तरह बर्बाद हो सकती है। इसके अलावा धान की तुलाई और मंडी तक परिवहन में भी कठिनाई बढ़ जाएगी, क्योंकि कीचड़ युक्त रास्तों से ट्रैक्टर और ट्रॉली निकलना मुश्किल हो रहा है।

### लगातार हो रही बेमौसम बारिश से आम जनजीवन भी प्रभावित

लगातार हो रही बारिश से जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में आम जनजीवन प्रभावित नजर आ रहा है। लोगों के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। जिससे उन्हें परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले दो-तीन दिनों तक भी मौसम में खास बदलाव की संभावना नहीं है।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे व गिरदावरी में त्रुटि सुधार की सीमा अब 30 नवंबर तक

## किसानों के हित में शासन का निर्णय, किसान रकबे में अंतर या किसी प्रकार की त्रुटि का करवा सकेंगे सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

किसानों के हित में शासन द्वारा एक सराहनीय कदम उठाते हुए डिजिटल फसल सर्वेक्षण एवं गिरदावरी के अंतर्गत भौतिक सत्यापन ऐप के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत प्रविष्टियों में संशोधन की समय-सीमा को 31 अक्टूबर 2025 से बढ़ाकर 30 नवंबर 2025 तक कर दिया गया है। इस निर्णय से उन किसानों की समस्या का समाधान होगा जिनकी भूमि का रकबा त्रुटिवश शून्य दिख रहा था। अब ऐसे किसान पीवी ऐप के माध्यम से अपने रकबे का भौतिक सत्यापन कर सुधार कर सकेंगे। नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन ने बताया कि किसानों की समस्याओं का निराकरण शासन की प्राथमिकता में है, ताकि सभी किसान समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर सकें। इसी उद्देश्य से शासन ने त्रुटि सुधार की समय-सीमा को बढ़ाकर 30 नवंबर 2025 किया है। यह निर्णय किसानों के लिए बड़ी राहत सिद्ध होगा। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान में कबीरधाम जिले में जिन किसानों के रकबे शून्य या डिजिटल फसल सर्वेक्षण एवं गिरदावरी में प्रदर्शित हो रहा है, ऐसे सभी खसरों को पुनः पीवी ऐप से सत्यापन के लिए आबंटित किया गया है। पीवी ऐप से सत्यापन पूर्ण होने के बाद सही फसल एवं रकबा की जानकारी संबंधित सोसायटी मॉड्यूल में प्रदर्शित हो जाएगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बीते दिनों सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जिन किसानों का रकबा पोर्टल में शून्य दिखा रहा है या किसी प्रकार की विसंगति है उसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकृत किया जाए। जिससे किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी या दिक्कत न हो। इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है जिससे किसानों की समस्याओं को समय से सुलझाया जा सके।



### करवा सकेंगे सुधार

जिले के सभी किसानों से अपील की गई है कि यदि डिजिटल फसल सर्वेक्षण एवं गिरदावरी में किसी प्रकार की अनियमितता या त्रुटि है, तो वे अपने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, खाद्य अधिकारी, समिति प्रभारी, उपसंचालक कृषि या सहायक संचालक उद्यानिकी को सूचित करें, ताकि त्रुटियों का समय-सीमा के भीतर निराकरण किया जा सके।

# पीएम-आशा योजना के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा योजना) के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) अंतर्गत किसानों का पंजीयन जिले में एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए चना, मसूर एवं सरसों फसल उगाने वाले किसानों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है।

उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती ने बताया कि योजनांतर्गत कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा कर पोर्टल पर पंजीयन करवा सकते हैं।

इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा घोषित फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) अरहर 8000 रूपए, मूंग 8768, उड़द 7800, मूंगफली 7263, सोयाबीन 5328, चना 5650, मसूर 6700 तथा सरसों 5950 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। पंजीकृत कृषकों से इन फसलों की खरीदी भारतीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्या. (नेफेड) द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी।

शासन द्वारा खरीफ एवं रबी फसलों के उपार्जन के लिए जिले में उपार्जन एवं भण्डारण केन्द्र के रूप में विकासखण्ड कवर्धा से नवीन कृषि उपज मण्डी तालपुर, सेवा सहकारी समितियां पिपरिया, दशरंगपुर, धरमपुरा, खपरी, विकासखण्ड बोड़ला से सेवा सहकारी समितियां बोड़ला, चिल्फी, खैरबनाखुर्द, खैरबनाकला (महादेव), तरेगांव जंगल, संबद्ध भण्डारण केन्द्र छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउस कबीरधाम, विकासखण्ड पण्डरिया से सेवा सहकारी समितियां पण्डरिया, दशरंगपुर, कुण्डा, महली, कुकदुर, कोदवागोडान, संबद्ध भण्डारण केन्द्र सीजीएसडब्ल्यूसी पण्डरिया तथा विकासखण्ड सहसपुर लोहारा से सेवा सहकारी समितियां बिरनुपुरकला, बाजार चारभाठा, रामपुर (ठाठापुर), बिरेन्द्रनगर एवं सुरजपुरा जंगल, संबद्ध भण्डारण केन्द्र छत्तीसगढ़. स्टेट वेयरहाउस बिरनपुर लोहारा का चयन किया गया है।

### बेमौसम बारिश.....



**कवर्धा।** बेमौसम बारिश में खेतों में कटी रखी धान की फसल प्रभावित।

**महिलाओं ने आंवला की छांव में किया भोजन, बेमौसम बारिश ने फीका किया उत्साह**

# आंवला के पेड़ की पूजा कर महिलाओं ने मनाई आंवला नवमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हमारे धर्म और संस्कृति में कार्तिक महीने को बहुत ही पावन माना जाता है। दीपावली से लेकर पूर्णिमा स्नान तक कई पर्व आते हैं, जिनमें नवमी भी एक है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व में आंवले के वृक्ष की पूजा की जाती है। खिचड़ी आदि पकाकर केले के पत्तों पर सामूहिक रूप से भोजन करने का भी विधान हैं। कहते हैं एक बार भगवान विष्णु से पूछा गया कि कलियुग में मनुष्य में किस प्रकार से पाप मुक्त हो सकता है। भगवान ने इस प्रश्न के जवाब में कहा कि जो प्राणी अक्षय नवमी के दिन मुझे एकाग्र होकर ध्यान करेगा, उसे तपस्या का फल मिलेगा। यही नहीं शास्त्रों में ब्रम्ह हत्या को घोर पाप बताया गया है। यह पाप करने वाला अपने दुष्कर्म का फल अवश्य भोगता है, लेकिन अगर वह अक्षय नवमी के दिन स्वर्ण, भूमि, वस्त्र एवं अन्नदान करे और वह आंवले के वृक्ष के नीचे लोगों को भोजन कराए तो इस पाप से मुक्त हो सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए अक्षय नवमी के रोज गुरूवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने सामूहिक रूप से आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना की और पेड़ की नीचे बैठक कर भोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने अक्षय नवमी की कथा भी सुनी। हालांकि गुरूवार को अंचल में सुबह से हो रही बेमौसम बारिश के चलते अक्षय नवमी का यह अनुष्ठान कुछ फीका सा रहा है। इस स्थिति में जिन लोगों ने घरों में या फिर आसपास आंवला के पेड़ मौजूद थे वे ही पेड़ के नीचे भोजन कर पाए। जबकि सामान्य दिनो में अक्षय नवमी के मौके पर आंवला पेड़ के नीचे पिकनिक मनाने के लिए लोग अंचल के विभिन्न पर्यटन स्थलों में भी बड़ी संख्या में पहुंचते थे। लेकिन बेमौसम बारिश ने इसे फीका कर दिया।



# काली उत्सव समिति ने 1001 कन्याओं को कराया कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई के गुप्ता धर्मशाला में चल रहे श्री गणेश पंचायतन हवनात्मक अनुष्ठान यज्ञ एवं काली उत्सव समिति के द्वारा गुरूवार को आंवला नवमी के उपलक्ष में 1001 कन्याओं को कन्या भोज कराया गया। पुनीत कार्य में पूरे नगर के भक्तगण शामिल हुए और उन्होने कन्याभोज में अपना सहयोग दिया। यहां बताना लाजिमी होगा कि नगर पंचायत पाण्डातराई में हर वर्ष काली उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष भी नगर में इन धार्मिक आयोजन की भव्यता देखते ही बन रही है। स्थानीय गुप्ता धर्मशाला में मां काली की भव्य एवं मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में आसपास के गांव से दर्शन यज्ञ का लाभ उठाने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कालीउत्सव समिति के सदस्य भीषम गुप्ता ने बताया की पंडित ज्ञानेंश चौबे के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 3.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक चल रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भागवत कथा रसपान कर रहे हैं।




जय शिवा
"लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जंयती पर कोटि-कोटि नमन"
जय पटेल
श्री दिनेश चंद्राकर
प्रदेश अध्यक्ष
श्री लालजी चंद्रवंशी
पूर्व अध्यक्ष कवर्धा राज
श्री डॉ. सिद्धराम चंद्रवंशी
पूर्व अध्यक्ष कवर्धा राज
श्री टेकसिंह चंद्रवंशी
पूर्व अध्यक्ष कवर्धा राज
श्री ललित चंद्रवंशी
पूर्व अध्यक्ष कवर्धा राज
श्री लालबहादुर चंद्रवंशी
पूर्व अध्यक्ष कवर्धा राज
श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी
महिला प्रदेश उपाध्यक्ष
श्री अयोध्या चंद्राकर
अध्यक्ष बेमेतरा राज
श्री केशव चंद्राकर
अध्यक्ष रायपुर राज
श्री राजेन्द्र चंद्राकर
प्रदेश उपाध्यक्ष
श्री कुंदन चंद्राकर
प्रदेश महासचिव
श्री प्रदीप चंद्राकर
प्रदेश कोषाध्यक्ष
श्री होरीलाल चंद्राकर
प्रदेश संगठन मंत्री
चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज एवं उपक्षेत्रो के
शपथ ग्रहण समारोह में आप सभी का
हार्दिक स्वागत- अभिनंदन...
दिनांक- 31.10.2025 समय :- दोप. 1 बजे स्थान :- कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास कवर्धा
सतीश चंद्रवंशी
अध्यक्ष
रामप्रसाद चंद्रवंशी
उपाध्यक्ष
कैलाश चंद्रवंशी
सचिव
कुलेश्वर चंद्रवंशी
कोषाध्यक्ष
राजेश चंद्रवंशी
संगठन मंत्री
मोतीराम चंद्रवंशी
केन्द्रीय प्रतिनिधि
राजेन्द्र चंद्रवंशी
केन्द्रीय प्रतिनिधि
दानीराम चंद्रवंशी
केन्द्रीय प्रतिनिधि
तुकाराम चंद्रवंशी
केन्द्रीय प्रतिनिधि
ओमप्रकाश चंद्रवंशी
केन्द्रीय प्रतिनिधि
इंद्राणी चंद्रवंशी
महिला प्रतिनिधि
कविता चंद्रवंशी
महिला प्रतिनिधि
अध्यक्षगण
उपाध्यक्षगण
सचिव
कोषाध्यक्ष
संगठन मंत्री
राजप्रतिनिधि
राजप्रतिनिधि
राजप्रतिनिधि
राजप्रतिनिधि
राजप्रतिनिधि
महिला प्रतिनिधि
महिला प्रतिनिधि
उपक्षेत्र मोहतरा
रामावतार चंद्रवंशी
डॉ. नंदकुमार चंद्रवंशी
नरेन्द्र चंद्रवंशी
योगेन्द्र चंद्रवंशी
दिनेश चंद्रवंशी
कैलाश चंद्रवंशी
लक्ष्मण चंद्रवंशी
संदीप चंद्रवंशी
कुलेश्वर चंद्रवंशी
दीपक चंद्रवंशी
श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी
श्रीमती वर्षा चंद्रवंशी
उपक्षेत्र लखनपुर
संजय चंद्रवंशी
शेखर चंद्रवंशी
दिनेश चंद्रवंशी
तोरन चंद्रवंशी
मनोज चंद्रवंशी
लालबहादुर चंद्रवंशी
प्रताप चंद्रवंशी
बिंदा चंद्रवंशी
अशोक चंद्रवंशी
दानीराम चंद्रवंशी
श्रीमती उषा चंद्रवंशी
श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्रवंशी
उपक्षेत्र खरहट्टा
खगेश चंद्रवंशी
चन्द्रशेखर चंद्रवंशी
रामबिलास चंद्रवंशी
ओंमप्रकाश चंद्रवंशी
रोहित चंद्रवंशी
राजेन्द्र चंद्रवंशी
तुकाराम चंद्रवंशी
डाकोर सिंह चंद्रवंशी
विनोद चंद्रवंशी
रामफल चंद्रवंशी
श्रीमती जमुना बाई चंद्रवंशी
श्रीमती मधुदेवी चंद्रवंशी
उपक्षेत्र पलानसरी
रतन लाल चंद्रवंशी
रवि चंद्रवंशी
कैलाश चंद्रवंशी
हरेन्द्र चंद्रवंशी
लालजी चंद्रवंशी
द्वारिका चंद्रवंशी
सुदर्शन चंद्रवंशी
जितेन्द्र चंद्रवंशी
नारद चंद्रवंशी
मालिकराम चंद्रवंशी
श्रीमती अनिता चंद्रवंशी
श्रीमती संगीता चंद्रवंशी
उपक्षेत्र झलमला
भुपेन्द्र चंद्रवंशी
अंतराम चंद्रवंशी
सुदर्शन चंद्रवंशी
दीलीप चंद्रवंशी
ओंमप्रकाश चंद्रवंशी
अजय चंद्रवंशी
सतीश चंद्रवंशी
राजू चंद्रवंशी
पुरषोत्तम चंद्रवंशी
डॉ. गजानंद चंद्रवंशी
श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी
श्रीमती सुशीला चंद्रवंशी
उपक्षेत्र अमलीडीह
पोखराज चंद्रवंशी
गिरीद चंद्रवंशी
राजेश चंद्रवंशी
कमलेश चंद्रवंशी
सुरेश चंद्रवंशी
कपील चंद्रवंशी
जितेन्द्र चंद्रवंशी
रूपलाल चंद्रवंशी
विरेन्द्र चंद्रवंशी
विष्णु चंद्रवंशी
श्रीमती शारदा चंद्रवंशी
श्रीमती शारदा चंद्रवंशी
उपक्षेत्र बिरकोना
सुरेश चंद्रवंशी
राजेन्द्र चंद्रवंशी
डॉ. सुरेन्द्र चंद्रवंशी
मुन्ना चंद्रवंशी
दिनेश चंद्रवंशी
मोतीराम चंद्रवंशी
रामप्रसाद चंद्रवंशी
जलेश्वर चंद्रवंशी
भोलाराम चंद्रवंशी
भोलाराम चंद्रवंशी
श्रीमती कविता चंद्रवंशी
श्रीमती आरती चंद्रवंशी
पुरुषोत्तम चंद्रवंशी
पूर्व अध्यक्ष
द्वारिका चंद्रवंशी
पूर्व अध्यक्ष
श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी
महिला अध्यक्ष
विरेन्द्र चंद्रवंशी
युवा अध्यक्ष
विनोद चंद्रवंशी
व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष
विनीत : चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज